an>

Title: Need to take necessary steps for construction of permanent school building for existing Kendriya Vidyalaya at Kheri parliamentary constituency, Uttar Pradesh

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) ः मैं अपने लोक सभा क्षेत्र खीरी (उत्तर प्रदेश) के केंद्रीय विद्यालय को जमीन उपलब्ध कराकर स्थायी भवन निर्माण हेतु मानव संसाधन विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ।

नेपाल की सीमा पर बसा लखीमपुर शैक्षिक दृष्टि से एक पिछड़ा जिला है, जहां पर एक केन्द्रीय विद्यालय है, जो किराये की बिल्डिंग व सीमित संसाधनों के बावजूद अपेक्षाकृत ठीक कार्य कर रहा है। अपनी भूमि प्राप्त करने के प्रयासों में दिनांक 24.12.2014 व 25.02.2015 के पत्रों द्वारा द्वितीय कमान अधिकारी, मुख्यालय एस.एस.बी., गढ़ी रोड, लखीमपुर खीरी ने केंद्रीय विद्यालय संगठन को सूचित किया कि मंत्रालय की इन्टीग्रेटेड फाइनेंस डिवीजन की डायरी सं. 32626/23/finv/2014 दिनांक 19.09.2014 के अनुसार विद्यालय हेतु 3 एकड़ जमीन उपलब्ध करायी जा सकता है। अभी तक उक्त भूमि लेने की सहमति मुख्यालय ने नहीं दी है।

इसके बाद एस.एस.बी. द्वारा पुनः 3.5 एकड़ भूमि देने का प्रस्ताव डी.ओ. पत्र संख्या 3640 दिनांक 07.03.2015 द्वारा कैम्पस में विद्यालय खोलने व खेल का मैदान शेयर्ड आधार पर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया, परंतु अभी तक मुख्यालय केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा भूमि स्वीकृत करने व स्थायी भवन निर्माण की प्रक्रिया नहीं प्रारंभ की गई है। जबकि पूरे देश में कई केंद्रीय विद्यालयों का निर्माण इससे कम जमीन पर किया गया है।

मैं सरकार व माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि पुराने चल रहे विद्यालय हेतु शीघ्र जमीन स्वीकृत करके भवन निर्माण करने तथा चूंकि जनपद लखीमपुर, उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है तथा भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए उक्त जिले में एक और केन्द्रीय विद्यालय खोलने तथा पहले से चल रहे विद्यालय को स्थायी भवन उपलबध कराकर इंटरमीडियट तक करने हेतु आवश्यक आदेश निर्गत करने का कष्ट करें।